हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 7 अक्टूबर 2024


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


12 ग्रामीणों और लोहार परिवार के बीच चल रहा विवाद 3 साल बाद ...





11 समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी शुरू...






## नवरात्रि विशेष




### पंचमीः स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-
नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी॥

**बीमारी :** डेढ़ माह पहले बड़े पैमाने पर डायरिया के संक्रमण के बाद एक बार फिर संकट

# कुसुमकसा में डेंगू की दस्तक, 7 पीड़ितों में से कुछ स्वस्थ, कुछ का उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



इन दिनों कुसुमकसा के लोग अपने तथा अपने परिवार वालों के स्वास्थ्य को लेकर लोगों की चिंता बढ़ गई है। दरअसल कुसुमकसा में कुछ ही दिनों में डेंगू के लगभग 7 मरीज मिले हैं। इनमें से कुछ लोग निजी अस्पतालों में उपचार करवा कर स्वस्थ्य होकर वापस आ गए हैं, तो वहीं एक-दो पीड़ित बड़े शहरों के अस्पतालों में भर्ती होकर अभी भी उपचार करा रहे हैं।

- स्वास्थ्य विभाग के साथ मितानिनें घर-घर जाकर ले रहीं लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी

इस बीच लगातार बढ़ती मरीजों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ ही मितानिन भी घर-घर जाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ले रहे हैं। इसके साथ ही घर के 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पूरा कपड़ा पहनाकर रखने, गर्भवती महिलाओं को मच्छरदानी लगाकर सोने सहित घर के कूलर सहित अन्य जगह में पानी का जमाव नहीं होने देने सहित स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दे रहे हैं। यहां डेंगू के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बस स्टैंड के आसपास घरों में सर्वेक्षण किया जा रहा है। सर्वेक्षण टीम में स्वास्थ्य विभाग की निर्मला साहू (सुपरवाइजर ) पुष्पा सपाटे, तामेश्वर भुआर्य सहित मितानिन अमृता बाई, सरस्वती, रूपा सिन्हा, पदमा ध्रुवे, द्रोपदी बाई, कुलेश्वरी धुर्वे, गिरजा बाई, बुधियारिन, रमशीला उपस्थित थीं। इस बीच विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डोंडी विजय कुमार ठाकुर ने भी कुसुमकसा पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों व मितानिनों को घर-घर जाकर डेंगू पीड़ितों की जानकारी लेने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डॉ ठाकुर ने बताया कि एडीस मच्छर के काटने से डेंगू फैलता है।

### अगस्त में फैला था डायरिया

गौरतलब है कि ग्राम कुसुमकसा के क्रांति चौक, पिस्दापारा में उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या की बढ़ते देख 26 अगस्त से स्वास्थ्य विभाग द्वारा अटल समरसता भवन में अस्थाई स्वास्थ्य कैंप छह दिनों तक लगाया था। उन दिनों डायरिया के लगभग 90 मरीजों का उपचार किया गया था। उस समय भी मितानिनों ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ डायरिया प्रभावित छेत्र के घर-घर जाकर पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य, खानपान, साफ सफाई की जानकारी लेते रहे। वहीं, डायरिया से पीड़ित एक ग्रामीण उन्नेराम की उपचार के दरम्यान जिला अस्पताल बालोद में मौत हो गई थी।

# तेज रफ्तार में बस चलाने से मना किया तो बाइक सवार को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तेज गति से लापरवाही पूर्वक बस चलाने से मना करने पर बस ड्राइवर और दो अन्य लोग एक बाइक चालक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट हो गई। पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

- बाइक सवार की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

इन दिनों जिला मुख्यालय के गंजपारा से लेकर दल्लीराजहरा रोड कोतवाली थाना तक बस चालकों की भारी लापरवाही देखने को मिल रही है। शहर में भीड़भाड़ अधिक होने और व्यस्ततम मार्ग होने के बाद भी बस चालकों द्वारा तेज रफ्तार में गाड़ी चलाई जाती है। वहीं, तेज रफ्तार से छोटे वाहनों के बेहद नजदीक से होकर गुजरने के कारण इससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है और कई बार दुर्घटना भी हुई है। शनिवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ, जब एक बाइक चालक सड़क किनारे चल रहा था, एक निजी कंपनी का बस चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक चालक दानिश कुरैशी को कट मारते हुए आगे बढ़ा और बालोद बस स्टैंड में जाकर रुक गया। इसके बाद बाइक चालक ने बस स्टैंड पहुंचकर ड्राइवर को लापरवाही पूर्वक बस नहीं चलाने की समझाइश दी। दानिश कुरैशी ने बताया कि इतने में मामला बिगड़ गया और बस चालक के साथ दो अन्य लोगों ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी।

### यात्री बसों में काम करने वालों की दादागिरी

लोगों का कहना है कि विभिन्न कंपनियों के यात्री बस संचालकों के अधीन बालोद बस स्टैंड में काम कर रहे मुंशियों से लेकर हेल्पर द्वारा इससे पहले भी कई बार गाली गलौज के साथ मारपीट और यात्रियों को साथ बदसलूकी करने की शिकायत सामने आ चुकी है। यहां एक दूसरे का पक्ष लेकर यात्रियों के साथ गाली गलौज और मारपीट करने की घटनाएं आए दिन होती रहती हैं। इसी तरह की स्थिति रही तो आने वाले दिनों में कभी भी यहां बड़ी घटना घट सकती है।

# पानी भरने को लेकर विवाद, दंपति ने की महिला की पिटाई

**बालोद।** सार्वजनिक नल में पानी भरने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि पति-पत्नी ने एक महिला की डंडे से बेदम पिटाई कर दी, जिससे महिला बेहोश हो गई। महिला की शिकायत पर डौंडीलोहारा पुलिस ने सरिता बाई पटेल और उनके पति नरेन्द्र पटेल के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डौंडीलोहारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिवनी निवासी निरूपा बाई पटेल 6 अक्टूबर को सुबह करीबन 7 बजे गांव की गली में लगे सार्वजनिक नल में पानी भरने के लिये गई थी। उसी दौरान सरिता बाई पटेल की पुत्री कुमारी वाणी पटेल द्वारा पानी भरने की बात व पुरानी घर की रंजिश को लेकर सरिता बाई और उसके पति नरेन्द्र पटेल ने गालीगलौज करते हुए निरूपा बाई की डंडे से पिटाई शुरू कर दी। इसके साथ ही सरिता बाई ने भी हाथ मुक्का से मारपीट कर झूमा झपटी की। मारपीट करने से निरूपा के कमर व नाक में चोट आकर खून निकला था। मारपीट होने से निरूपा बाई बेहोश होकर गिर गई, जिसे 108 एम्बुलेंस से इलाज कराने के लिए शासकीय अस्पताल डौण्डीलोहारा ले गए। पुलिस ने मारपीट के आरोप में पति-पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# ठेकवाडीह में बुजुर्गों का किया गया सम्मान



**गुरूर।** ग्राम पंचायत ठेकवाडीह में वृद्धजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वृद्धजनों को श्रीफल देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच भारतीय मरकाम ने कहा कि वृद्धजन दिवस का महत्व वृद्ध लोगों के प्रति हमारी सोच और व्यवहार को बदलने में है। आज के समाज में वृद्ध लोग अक्सर अकेले होते हैं, जो उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। वृद्ध जनों को हमेशा देखरेख


▶▶| शेष पेज 11 पर


## खबर संक्षेप

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना की राशि खातों में पहुंची



**गुरूर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किश्त जारी की। इसके तहत देश के किसानों के 9.4 करोड़ से अधिक किसानों को 20,000 करोड़ राशि हस्तांतरित की गई। योजना के तहत तहसील मुख्यालय गुरुर के किसानों का पीएम किसान सम्मान निधि योजना का कार्यक्रम जनपद सभागार में कृषि विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था।कार्यक्रम में ब्लॉक के किसान शामिल हुए। कार्यक्रम में कृषि विकास अधिकारी सीएल ठाकुर ने किसानों को कार्यक्रम में बताया कि पीएम किसान योजना के तहत किसान परिवार को सालाना 6000 रूपये तीन किस्तों में 2000 करके दी जाती है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य किसानों की आर्थिक मदद कर खेती किसानी कार्य के लिए सहायक होती है। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री अजेंद्र साहू, कृषि विकास अधिकारी सीएल ठाकुर, ग्रामीण कृषि विस्तार टिकेंद्र पटेल, पूर्णिमा भार्गव, मुकेश साहू, राजेश पटेल किसान मोतीराम साहू, दीनूराम सहित अधिक संख्या में किसान शामिल हुए।

# बरही में सालभर में भी नहीं हो सका किसान कुटीर का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम बरही में किसान कुटीर भवन एक वर्ष से अधूरा पड़ा हुआ है, जिसके कारण किसानों को कुटीर भवन का लाभ नहीं मिल पाया है। इसलिए निर्माण एजेंसी के खिलाफ किसानों में आक्रोश है। अब किसान लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की माँग कर रहे हैं।

- किसानों ने की लापरवाह ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग

**अपनी उपज बेचने आने वाले किसानों की सुविधा के लिए बनाया जा रहा है किसान कुटीर भवन**





किसान कुटीर भवन का निर्माण किसानों को सुविधा मुहैया कराने के लिए किया जा रहा है, लेकिन ग्राम बरही के उपार्जन केंद्र में बनने वाला कुटीर भवन बीते एक वर्ष से निर्माणाधीन हालात में है, जिसके कारण किसानो को मिलने वाली सुविधा नहीं मिल पा रही है, जबकि किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रख कर प्रशासन द्वारा इसका निर्माण कराया जा रहा है, जहाँ किसानों को आराम करने के लिए कुर्सी, पंखा और पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। मिली जानकारी के अनुसार कुटीर भवन के लिए पिछले वर्ष लगभग 13 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई थी, लेकिन लाखों रूपये खर्च करने के बावजूद कुटीर भवन का कार्य लगभग एक वर्ष से अधूरा पड़ा हुआ है। वहीं, कुटीर भवन के निर्माण एजेंसी द्वारा अब तक सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिसके कारण निर्माण एजेंसी व प्रशासनिक स्वीकृत राशि के साथ ही निर्माण अवधि का पता नहीं चल पा रहा है।

ग्रामीण राज कमल देवांगन ने बताया कि किसान कुटीर भवन का काम बीते एक वर्ष से बंद है, जिसके कारण किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। निर्माण कार्य बहुत ही ज्यादा धीमी गति से चल रहा है जिस पर प्रशासन को संबंधित विभाग व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। बरही सोसायटी प्रबंधक एलआर साहू ने बताया कि किसान कुटीर भवन का निर्माण कार्य पिछले वर्ष आरम्भ किया गया था, जो एक वर्ष बीत जाने के बावजूद निर्माणाधीन हालात में है।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


# बच्चों को नशा से दूर रहने दी समझाइश



**गुण्डरदेही।** प्राथमिक शाला देवरी में शनिवार को जिला संयोजक नशा एवं कुरीति उन्मूलन प्रभारी गायत्री परिवार द्वारा बच्चों को नशे से होने वाले नुकसान बताते हुए किसी भी प्रकार की नशा नहीं करने की समझाइश दी गई। इसके साथ ही अच्छे इंसान बनने के लिए नैतिक शिक्षा के माध्यम से प्रेरित किया गया। बच्चों ने नशा से होने वाले नुकसान को गंभीरता से सुना और नशा नहीं करने एवं परिवार में हो रहे नशा को रोकने के लिए अपने पालक से निवेदन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच शिक्षक एवं शिक्षण समिति के सदस्य उपस्थित थे।




## खबर संक्षेप



### भाजयुमो के सदस्यता रथ को केदार कश्यप ने किया रवाना

**रायपुर।** प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप ने रायपुर के कालीमंदिर से भाजयुमो के सदस्यता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा, युवा मोर्चा के इस अभियान से युवाओं का जुड़ाव भाजपा से अधिक से अधिक होगा। इसी कड़ी में महासमुंद में रथ को सांसद रूप कुमारी चौधरी ने हरी झंडी दिखाई। भाजयुमो ने प्रदेश भर में पांच लाख कदस्य बनाने के लिए शुक्रवार से रथ यात्रा प्रारंभ की है।

### 4 करोड़ 68 लाख की लागत से होंगे नए विकास कार्य



**रायपुर।** जोन 1 क्षेत्र के वार्ड नंबर 3, 4 एवं 5 में कई नए विकास कार्य होंगे। इन कार्यों के लिए 4 करोड़ 68 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने शनिवार को इन वार्डों में श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर नए विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया।

### अभिषेक बने किसान कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष

**रायपुर।** किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने अभिषेक मिश्रा को छत्तीसगढ़



किसान कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। नियुक्ति पर अभिषेक मिश्रा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा, सहित वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

### डब्ल्यूआरएस अस्पताल के स्टाफ का किया सम्मान

**रायपुर।** विश्व मानवाधिकार परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा डब्ल्यूआरएस अस्पताल के डॉक्टर्स एवं स्टॉफ का सम्मान किया गया। सीएमओ ने डॉ. मल्लेश, डॉ. युसूफ, डॉ. अवंति, डॉ. हेमंती के साथ नर्स और अन्य स्टॉफ को सम्मानित किया। इस अवसर पर मरीजों को जीवनरक्षक दवाएं, भोजन और पानी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरुणा एवं अन्नू साहू ने किया। इस कार्यक्रम में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत सिंह, उपाध्यक्ष सुशील झा, जिला अध्यक्ष ऋषभ शर्मा, डॉ. गीतिका, रूपेश एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।


### धूमधाम से मनाई महात्मा गांधी जयंती


**रायपुर।** सामाजिक संस्था नशामुक्ति महाभियान समिति द्वारा विगत 2 जुलाई 2023 से रायपुर राजधानी में लगातार नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कोटा स्थित बीएसयूपी कॉलोनी में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नशामुक्ति अभियान भी चलाया गया।

### वर्सी महोत्सव में पहुंचे संत-महंत सीएम साय को भी आमंत्रण

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा हरदास राम साहेब का 33वें वर्सी महोत्सव में देशभर के तमाम धर्मस्थलों से संत, महंत, साधु शामिल होने पहुंचे हैं। वर्सी महोत्सव में छत्तीसगढ़ के 11 धामों के अलावा भारतवर्ष के 65 गोदड़ीवाला धामों में से अनेक श्रद्धालु और बाबा भक्तों का आगमन हो चुका है।
जनप्रतिनिधियों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सभी विधायकों व पूरे मंत्रिमण्डल को भी आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी दरबार के सेवादारी हरि ईसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी, दिलीप ईसरानी, घनश्याम कासवानी, रॉकी कासवानी, सांई सन्नी कुमार, सांई लालदास, सांई कृष्णदास, सांई रामचंद वाधवा, स्वामी हरिगिरी महाराज सेवा समिति, सांई चोइथराम व अन्य दरबारें, धमतरी व रायपुर की सभी दरबारों, पूज्य सिंधी पंचायतों को आमंत्रित किया गया है।

## बालोद अंचल में जगह-जगह विराजित हुईं मां दुर्गा








### विधायक कुंवर सिंह ने शाल श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित

# अर्जुंदा में किया गया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही





विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर अर्जुन्दा सामुदायिक भवन प्रांगण में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां गुण्डरदेही विधानसभा की शालाओं के सत्र 2023–24 के सेवानिवृत्त शिक्षक, संकुल स्तर के उत्कृष्ट शिक्षक, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षकों के साथ दिवंगत शिक्षकों के परिजनों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर विधायक कुंवर सिंह निषाद द्वारा 170 उत्कृष्ट शिक्षक, 1 राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक, 49 संकुल समन्वयक, 7 दिवंगत शिक्षक के परिवार, 47 सेवानिवृत्त शिक्षक, 25 सेवानिवृत्त अतिथि एवं विशेष उपलब्धि पर पुरस्कृत शिक्षक एवं निजी स्कूलों के संचालक एवं शिक्षकों का सम्मान शॉल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। सम्मान समारोह में कांग्रेस संगठन एवं शिक्षकों की उपस्थित रही।


विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि एक अच्छा शिक्षक अपने सबसे कमजोर विद्यार्थी के आत्मविश्वास और आत्म–सम्मान बढ़ाने में मदद करता है। वह अपने शिष्य को अपनी क्षमताओं और योग्यताओं को पहचान कर उसको सदैव बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

गुरु हमें एक सकारात्मक मानसिकता देने के साथ ही हमारे आने वाले पीढ़ियों और देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूत बनाते हैं। एक शिक्षक के लिए गर्व का समय तब होता है जब उनका शिष्य उनसे भी आगे निकल जाता है, इसमें उन्हें निराशा नहीं बल्कि गर्व होता है और यही एक अच्छे गुरु या शिक्षक की पहचान होती है। आज हमारे देश–प्रदेश व क्षेत्र में शिक्षक लगातार अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पूरे समर्पण भावना के साथ कार्य कर रहें हैं।

शिक्षक अपने विद्यार्थियों को अकादमिक शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा भी देते हैं, जिससे वह सही ग़लत की पहचान कर पाते हैं। जीवन में सही मार्ग पर चलना है उसके लिए प्रेरित करते हैं शिक्षक को हमें ईश्वर का दिया हुआ एक अमूल्य उपहार मानना चाहिए, क्योंकि वे हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक ज्ञान कौशल और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होते हैं। इसलिए हमें सदैव उनके आभारी होने चाहिए और उन्हें सदैव सम्मान देना चाहिए।


इस अवसर पर सोनादेवी देशलहरा, अध्यक्ष जिला पंचायत चंद्रहास देवांगन अध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुन्दा सुषमा चंद्राकर, भोजराज साहू, ब्लाक अध्यक्ष गुण्डरदेही कोदूराम दिल्लीवार, ब्लॉक अध्यक्ष देवरी गिरीश चंद्राकर, राजेश बाफना, फिरंता उइके, केशव शर्मा, रेवाराम सिन्हा, हरि साहू, उमाशंकर साहू, दिग्विजय ठेठवार, डालम, ऋषि बाडे, पारख, तरुण पारकर, भूपेश नायक, सलीम खान, चुकेश्वर साहू, मोंटू चंद्राकर, रिजवान तिगाला, अभिषेक यादव, उस्मान रजा, चित्रंश, रत्नेश गायकवाड, मनीष टंडन, अज्जू ठाकुर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## बालोद अंचल में जगह-जगह विराजित हुईं मां दुर्गा











# भोलापठार ग्राम परेंगुड़ा में मनाया गया भोला दशहरा एवं नवाखाई महोत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ के भोलापठार ग्राम परेंगुडा में रविवार को भोला दशहरा एवं नवाखाई महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम सुबह 08 बजे से ग्राम देवपूजा रखी गई। सुबह 10 बजे से सभी देवों का भोलापठार में पदार्पण एवं आदिवासी संस्कृति की विशाल झांकी, गेड़ी एवं मांदरी नृत्य, रेलापाटा, आंगादेव की झांकी राउत नाचा, पंथीनृत्य एवं अंतस सांस्कृतिक लोक कलामंच भिलाई की प्रस्तुति तुशांत बारले एवं खुमेश मानिकपुरी द्वारा की गई। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की संस्कृति को दर्शाते हुए गांव के बैगा डांग के नृत्य को देख सब उत्साहित हो गए।

कार्यक्रम में विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, पूर्व केबिनेट मंत्री रमशीला साहू, राकेश यादव, संरक्षक प्रदेश साहू समाज रमेश साहू, सभापति जिला पंचायत बालोद मीना सत्येंद्र साहू, जनपद अध्यक्ष बालोद प्रेमलता साहू, सदस्य जिला पंचायत बालोद केदार देवांगन, कुंवर लाल महेन्द्र, निवेन्द्र सिंह टेकाम, समाजसेवी (राजा लोहारा) चंदू लाल मरकाम अतिथि के रूप मे उपस्थित थे।

भोलापठार घने घनघोर जंगल पहाड़ों के बीच में भगवान भोलेनाथ विराजमान है। यह मंदिर जिला मुख्यालय से महज 15 कि. मी. की दूरी पर स्थित परेंगुडा करहीभदर में है। कार्यक्रम में भोलापठार समिति के अध्यक्ष रामजी ठाकुर, महासचिव भुवन उईके, उपाध्यक्ष जोहन प्रधान, रामहु राणा, टीपी कौशल, सचिव पुरुषोत्तम निषाद, कोषाध्यक्ष महेंद्र तारम, मंच संचालन परमानंद गुरूपंच, संयुक्त सचिव लेवेंद्र (उर्फ पप्पू चंद्राकर) एवं जनजागरण सेवा समिति समस्त ग्रामवासी परेंगुडा करहीभदर के साथ ही सहयोगी जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। भोलापठार मीडिया प्रभारी सूरज कौशिक ने बताया कि ग्राम पंचायत पररेगुड़ा सरपंच विमला देहारी, ग्राम पंचायत करहीभदर सरपंच लीलाराम डड़सेना, ग्राम पंचायत अमोरा सरपंच अमिता कुलदीप उपस्थित थे। रात्रि में मुड़मारी महाराष्ट्र नाच पार्टी की प्रस्तुति की गई।

# गलत करने वालों को भोगना ही पड़ता है : रूचिता







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

श्री दुर्गा समिति गंजपारा बालोद के तत्वावधान में महादेव भवन बालोद में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के चौथे दिन कथाकार रुचिता तिवारी ने अनेक प्रसंगों पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने कहा कि जीवन का कल्याण करने वाली वाली मां भगवती है। इसलिए उनकी आराधना करो। आगे कहा कि चारों धाम से बढ़कर देवी कथा है। एक तरफ अमृत रखा जाए एक तरफ कथा अमृत रखा जाए तो सर्वश्रेष्ठ कथा अमृत होता है और जो अमृत होता है उसी को ग्रहण किया जाता है। उन्होंने कहा कि जो गलती करता है उसी को भोगना पड़ता है। कुछ लोग ज्ञान एवं जानकारी को एक ही समझते हैं, जबकि दोनों में बहुत अंतर होता है। ज्ञान जो भी हो सत्य होना चाहिए, ज्ञान भीतर से आना चाहिए। इसलिए जानकारी मत लो ज्ञान लो। ज्ञान जो जीवन में प्रशिक्षण से आता है।



**ज्ञानी आत्म प्रशंसा नहीं करता:** कथा के दौरान रुचिता तिवारी ने कहा कि ज्ञानी आत्म प्रशंसा नहीं करता और ना ही दूसरों की निंदा करता है। इसलिए ज्ञानी बनें। ज्ञान कहीं से मिल सकता है। आगे कहा कि जो दुखी हैं वे एक दूसरे से नहीं बोलते, एक दूसरे के बारे में बोलते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान केवल भाव के भूखे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान के लिए स्वास्तिक यज्ञ करना चाहिए, किसी जीव की बली नहीं करनी चाहिए। मदिरा नहीं चढ़ाना चाहिए, यज्ञ में जिस वस्तु का उपयोग हो वह शुद्ध हो। अंत में श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया **भवानी मेरी पुकार भजन पर खूब झूमे भक्त:** रविवार को कथा प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा प्रवचन के बीच–बीच में भजनों में हर रोज की तरह श्रोता झूम उठे। खास तौर पर भवानी मेरी पुकार भजन में श्रोता अपनी जगह पर खड़े होकर झूमने लगे।

### एनओसी मिलने तक उत्खनन पर रोक

# 4 दिन बाद खुल जाएंगी रेत की खदानें सप्लाई शुरू होते ही गिरेगी कीमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रेत खदानों के उत्खनन पर लगा प्रतिबंध 10 अक्टूबर को खत्म हो रहा है। इसके बाद 11 अक्टूबर से बंद खदानों में रेत का उत्खनन एवं परिवहन का काम भी शुरू हो जाएगा। अभी तक खदानें बंद होने के कारण रेत का परिवहन भी नहीं हो पा रहा था, जिसका फायदा माफिया एवं कारोबारियों ने उठाकर रेत की कीमत मनमानी बढ़ा दी है। बाजार में 8 से 12 रुपए फीट की जगह रेत 24 से 30 रुपए फीट की दर से बेची जा रही है। हालांकि बंद खदानें खुलने के बाद बाजार में रेत की सप्लाई बढ़ जाएगी, जिससे रेत की कीमत में भी गिरावट आएगी। इसके बाद आम लोगों को महंगी रेत से बड़ी राहत मिलेगी। एनओसी मिलने तक उत्खनन पर रोकएनजीटी की गाइड लाइन के अनुसार सीआ से एनओसी मिलने के बाद खदान में रेत का वैध रूप से उत्खनन किया जा सकता है। बिना एनओसी के अगर ठेकेदार खदान में उत्खनन करता है, तो वह अवैध है। इस तरह एनजीटी का प्रतिबंध हटने के बाद भी जिले में 5 खदाने खुल नहीं पाएंगी, क्योंकि सीआ से एनओसी मिले बिना खदानों में उत्खनन करना अवैध होगा। ऐसे में इन खदानों को खुलने में अभी और समय

### 13 खदानों में 5 को अब तक नहीं मिला एनओसी

जिले में रेत की 13 खदानों को ठेके पर दिया गया है। कांग्रेस शासनकाल में फरवरी 2023 में इन खदानों का टेंडर हुआ था। इसके बाद से अब तक इनमें से 8 खदानों को ही सीआ से एनओसी मिल पाई है, वहीं 5 खदानों को अब तक एनओसी नहीं मिल पाई है। इन सभी खदानों के ठेकेदारों द्वारा एनओसी के लिए सीआ में आवेदन किए कई महीनें हो गए हैं, लेकिन अभी तक एनओसी मिल नहीं पाई है।

### *एनओसी बिना खदानों में उत्खनन की अनुमति नहीं*

जिन खदानों को सीआ से एनओसी मिली है, वही खुलेंगी। 8 खदानों को एनओसी मिल चुकी है, शेष को भी जल्द मिल जाएगी। 10 अक्टूबर को खदानों पर लगा प्रतिबंध खत्म हो रहा है। - केके गोलघाटे, उप संचालक खनिज विभाग रायपुर

# सरपंच व सचिव ने डकारे साढ़े पांच लाख रुपए, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के तीनों ब्लाको में करीब पचास ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों ने साढे पांच लाख रूपए ढकार गए है। अब इन बकाया राशि को वसूलने प्रशासन को ऐडी चोटी की जोर लगानी पड रहा है। कई सरपंच जहां भूतपूर्व हो गए है, वही सचिवों की भी ठोह बदल गई है। बहरहाल बकायदारों को जिला पंचायत द्वारा नोटिस जारी की गई है। त्रिस्तरीय चुनाव के पहले गबन की राशि वसूलने जारी किए गए नोटिस से हडकंप की स्थिति निर्मित हैं।

नई सरकार के सत्ता में आने के बाद विगत तीन सितंबर 2024 को पंचायत संचालनालय द्वारा कलेक्टर को पत्र लिखकर वसूली के निर्देश दिए गए थे। जानकारी अनुसार गांव में विकास कार्य के लिए राज्य शासन द्वारा राशि जारी की जाती है। हांलाकि जिले के तीनों ब्लाको में ऐसे प्रकरण ज्यादा हैं, जिसमें ग्राम पंचायत से आय से होने वाली राशि को गबन के प्रकरण ज्यादा हैं।

ग्राम पंचायतों को जारी किए गए राशि का जब आडिट किया गया तो एक नही बल्कि 49 ग्राम पंचायतो में गबन की राशि लाखों में होने की बात सामने आई हैं। दुर्ग ब्लाक के दस ग्राम पंचायत 1 लाख 79 हजार 206 गबन के मामले है। जिसमें जनपद पंचायत दुर्ग, बिरेझर, अंजोरा ख, करंजा भिलाई, निकुम, कातरो, जंजगिरी, डांडेसरा, पुरई शामिल है। वही पाटन के तीस गांव में दो लाख 88741 रूपए का मामला है।

## खबर संक्षेप

### लैलूंगा नगर पंचायत सीईओ निलंबित

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन विभाग ने लैलूंगा नगर पंचायत की सीईओ ममता चौधरी को निलंबित कर दिया है। उन पर यह कार्रवाई 2016-17 में डस्टबिन खरीदी में की गई अनियमितता के पुराने मामले में की गई है। मामले की जांच में उन पर लगा आरोप प्रमाणित पाया गया। उनसे 6 लाख 15 हजार 751 रुपए की आर्थिक क्षति की वसूली का निर्णय भी लिया गया है। उनकी दो वेतन वृद्धि भी रोकने का आदेश दिया गया था। इस आदेश की अवहेलना करते हुए मार्च 2024 से जुलाई 2024 तक पूरा वेतन आहरण किया गया। हाल ही में नगरीय पंचायतों की समीक्षा बैठक में गलत जानकारी दिए जाने का मामला सामने आने के बाद निलंबन कर उन्हें संयुक्त संचालक कार्यालय बिलासपुर में अटैच किया गया है।

### इंडिगो का सर्वर डाउन एयरपोर्ट पर मामूली असर, मैनुअली हुआ काम

**रायपुर।** इंडिगो एयरलाइंस का सर्वर डाउन होने की वजह से शनिवार को देशभर में हवाई यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। चेक इन की प्रक्रिया मैनुअली होने की वजह से विमानतल पर यात्रियों की भीड़ लगी। दोपहर साढ़े 12 बजे शुरू हुई परेशानी शाम साढ़े छह बजे के बाद सुधरी। सर्वर की परेशानी का असर उड़ान पर भी नजर आया। सिस्टम में आई खराबी का बड़ा असर रायपुर विमानतल पर इसलिए नहीं हुआ, क्योंकि दोपहर में यहां विमानों की आवाजाही कम होती है। एक-दो फ्लाइट यहां पहुंची, जिसके यात्रियों को चेक इन की प्रक्रिया ऑफलाइन तरीके से पूरी करनी पड़ी। इसके साथ ही बोर्डिंग के लिए भी थोड़ी परेशानी उठानी पड़ी। इस दौरान यात्रियों की भीड़ नजर आई। शाम होने के बाद जब यहां यात्रियों की संख्या अधिक होती है, उस दौरान सर्वर की परेशानी में सुधार हो गया था। जानकार लोगों का कहना है कि इस परेशानी ने उन एयरपोर्ट के यात्रियों को ज्यादा जूझना पड़ा, जहां बड़ी संख्या में फ्लाइट की आवाजाही होती है। दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों के एयरपोर्ट पर यात्रियों की लंबी कतारें लगी रहीं।

## पेज 9 के शेष

### ठेकवाडीह में बुजुर्गों ...

एवं उनका सम्मान करना चाहिए। पंचायत सचिव बेनूराम गुरवाणी ने बताया कि वृद्ध लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्हें अक्सर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है, जो उनके जीवन को मुश्किल बना देता है। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, इसलिए हम अपने वृद्धजनों का हमेशा ख्याल रखना चाहिए और सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान गौतम साहू जीवलाखन साहू सुग्रीव साहू शालिक राम पंडित राम पुरानिक राम बालक ठाकुर सहित अन्य वृद्धजनों का सम्मान किया गया।

## बालोद अंचल में जगह-जगह विराजित हुईं मां दुर्गा







**तैयारी :** राज्य सरकार ने की है 15 नवंबर से धान खरीदी की घोषणा

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी शुरू, उपार्जन केंद्रों में पहुंचने लगा बारदाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए तारीख की घोषणा कर दी है। इस वर्ष आगामी नवंबर माह की 15 तारीख से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिले में भी उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से सुचारू रूप से धान खरीदी के लिए प्रशासन द्वारा व्यवस्था की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए प्रशासन द्वारा उपार्जन केन्द्रों में बारदाने की व्यवस्था जा रही है। इसके लिए प्रत्येक प्रमुख उपार्जन केन्द्रों में बारदाना पहुंचाया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर खेतों में लगे हरुणा किस्म के धान की कटाई का काम किसानों द्वारा किया जाने लगा है। वहीं, धान कटाई शुरू होने के कारण किसान शासन द्वारा जल्द ही धान खरीदी का कार्य उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से किए जाने की मांग उठ रही है।

### हरुना किस्म के धान की कटाई शुरू, किसानों ने की जल्द खरीदी की मांग



### इस माह 30 तारीख तक करवा सकते हैं नवीन पंजीयन

किसानों को धान बेचने के लिए नवीन पंजीयन कराने के अक्टूबर महीने अंतिम तारीख तक का समय प्रशासन द्वारा दिया गया है। इसके तहत किसान रकबा सुधरवाने के साथ ही नवीन पंजीयन करा सकते हैं। वहीं, जो किसान पिछले वर्ष धान बेचने के लिए पंजीयन कराने के बावजूद धान नहीं बेच पाए थे, उन्हें पुनः पंजीयन कराना होगा। वहीं, जिन किसानों ने पिछले वर्ष उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान की बिक्री की थी, उन्हें और पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं है।

### 30 हजार बारदाना मिला

धान खरीदी के लिए वर्तमान सत्र के लिए तीस हजार जूट बारदाना प्रशासन द्वारा भेजा गया है।
- एलआर साहू, सोसायटी प्रबंधक, बरही

# महिला-शिक्षिकाओं ने कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजना के तहत 4 अक्टूबर को ब्लाक के बड़गांव संकुल के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बड़गांव में न्योताभोज सह कन्या भोज का कार्यक्रम रखा गया।

उक्त आयोजन हायर सेकेंडरी स्कूल बड़गाँव के महिला व्याख्याता, शिक्षिकाओं ने नवरात्रि के पावन अवसर पर किया। शाला के समस्त 103 बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इसके अंतर्गत मध्यान्ह भोजन के अलावा पूरक पोषण आहार के रूप में बच्चों की इच्छा एवं रुचिनुसार खीर, पूड़ी, मीठा परोसा गया। साथ ही बालिकाओं का मस्तक अभिषेक कर देवी स्वरूपों को नमन किया गया। बालिका पूजा का महत्व बताया गया। कन्या भोज में सभी विद्यार्थियों को स्टील प्लेट, चम्मच एवं पेन उपहार में दिया गया। उपहार पाकर सभी बच्चों के चेहरे खिल उठे। न्योताभोज एच चोरके, सुशीला ध्रुवे, भेनुमती चतुर्वेदी, खिलेश्वरी तिवारी, कादंबिनी यादव द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बड़गांव स्कूल के प्राचार्य जेके उइके, व्याख्याता संदीप वर्मा, सिधेश्वर कुमार यदु तथा अन्य स्टाफ एवं प्राथमिक शाला से प्रधानपाठक पुणेश सोनबरसा, शिक्षक कमल कांत साहू, शिक्षक टिकेंद्र रामटेके सम्मिलित हुए।

**ग्राम धनेली में कृषक जागरूकता के दौरान विशेषज्ञों ने दी सलाह**

# गर्मी में धान के बदले कम पानी में आसानी से होने वाली फसलें लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम धनेली में कृषक जागरूकता सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र तरौद डॉ केआर साहू, सहायक कृषि विभाग बालोद सूर्यनारायण ताम्रकार, कृषि विकास अधिकारी गुरुर सीएल ठाकुर, गन्ना विकास अधिकारी कारखाना करकाभाट हाकिम सिंह, उद्यानिकी विभाग से अखिलेंद साहू, सरपंच गोविंद साहू व पंचगण सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित हुए।

कृषक जागरूकता प्रशिक्षण के तहत किसानों को अधिकारियों ने बताया कि ग्रीष्मकालीन धान के बदले कम पानी में आसानी से गेंहू, मक्का, मूंग, उड़द, सरसों, चना, गन्ना की फसल ली जा सकती है। इनका बाजार मूल्य भी धान से




अधिक है। दलहन, तिलहन फसलों से अच्छा उम्पादन प्राप्त करने तथा दलहन तिलहन फसलों के विस्तार के लिए राज्य शासन की योजनाओं का लाभ लेने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों या कृषि विज्ञान केंद्र तरौद से संपर्क किया जा सकता है।

अधिकारियों ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि गुरुर ब्लॉक मैं भूजल स्तर लगातार काम होते जा रहा है जिसके चलते आने वाले भविष्य में भैया वह स्थिति उत्पन्न हो सकती है किंतु समय रहते इनका निराकरण हो जाए तो स्थिति खराब नहीं होगी ग्रीष्मकालीन धान की खेती के स्थान पर वैकल्पिक फसलों का चयन कर पेयजल की समस्या से बचाव मे सहयोग करें।

जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू ने किसानों से आग्रह किया कि रबी में धान की फसल की जगह गन्ना, चना, गेंहू की खेती करें, क्योंकि धान की अपेक्षा गन्ने की खेती में पानी की मात्र कम होती है एवं मेहनत भी कम लगती है, जिससे ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या भी नहीं होगी।

**ग्राम सिर्राभांठा निवासी राजेश ने की पहल**

# श्रद्धालुओं को परेशानी न हो इसलिए अपने खर्चे से करवाया कंक्रीटीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम सिर्राभांठा निवासी समाज सेवक राजेश कुमार सिन्हा ने नवरात्रि के अवसर पर मां शीतला भगत बाबा बजरंग बली मंदिर परिसर में सीमेंटीकरण कार्य अपने खर्च से करवाया है, ताकि नवरात्रि में मंदिर आने वाले भक्तों को किसी तरह की परेशानी ना हो। इसी तरह उन्होंने बच्चों की शिक्षा-दीक्षा का भी ख्याल रखते हुए गांव के आंगनबाड़ी केंद्र और प्राइमरी स्कूल परिसर का भी सीमेंटकरण करवाया है। इससे अब बच्चों को वहां कीचड़ की समस्या से मुक्ति मिल गई है।






गौरतलब है कि राजेश सिन्हा और उनका परिवार लगातार गांव के विकास में सहयोग दे रहे हैं। उनकी माता मनभा बाई सिन्हा, पत्नी रानी सिन्हा, भाई खिलावन और छोटी बहू ने भी गांव में अनेक कार्य करवाए हैं। इससे पहले लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में भी सीमेंटीकरण करवाया। बता दें कि राजेश सिन्हा गांव में किसी की मृत्यु होने पर शोक संतृप्त परिवार को 3000 रूपये की सहायता राशि भेंट करते हैं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण, बालोद जिले को डिस्पोजल प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए बर्तन बैंक शुरू किया। अब तक लगभग 30 गांवों में स्टील की 200 थाली व 200 गिलास भेंट कर चुके हैं। प्रदेश स्तरीय कलार समाज द्वारा राजेश कुमार सिन्हा को दानवीर भामाशाह सम्मान से मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित किया जा चुका है।

# जाटादाह स्कूल में शिक्षक अमित ने बच्चों को कराया न्योता भोज



**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जाटादाह में माध्यमिक शाला के शिक्षक अमित कुमार सिन्हा ने 5 अक्टूबर को अपने जन्मदिन पर प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला के बालिकाओं को कन्या भोज व सभी बच्चों को न्योता भोज कराया। न्योता भोज में केला, पूड़ी, सेवई, पापड़, चावल, दाल, सब्जी दी गई। न्योता भोज के बाद प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चों को शिक्षक द्वारा उपहार स्वरूप कलर पेंसिल दिया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक गिरीश कुमार निर्मोही, प्राथ शाला प्रधान पाठक योगिता ठाकुर एवं माध्यमिक शाला प्रधान पाठक एएल देवांगन, शिक्षक पूजा सार्वा, डोमार सिंह धलेंद्र, केशव लाल गंजीर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकुमार दुग्गा, विष्णु राम, मेघनाथ, सुरेंद्र कुमार, रितेश कुमार, ठाकुर राम, नेमिन बाई आदि उपस्थित रहे।







सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


मां शारदे सरस्वती उत्सव समिति भालूकोन्हा


मां दुर्गा सांस्कृतिक कलामंच रेंगाडबरी।

## डोंडीलोहारा अंचल में जगह-जगह विराजीं मां दुर्गा


ग्रामीण नवदुर्गा उत्सव समिति सहगांव


राजापारा दुर्गोत्सव समीति डौंडीलोहारा


नवदुर्गा उत्सव समिति किल्लेकोड़ा


टिकरापारा दुर्गा उत्सव समिति डौडीलोहारा


रामनगर दुर्गोत्सव समिति डौडीलोहारा


संजय नगर दुर्गा उत्सव समिति डौडीलोहारा

### समाधान : ग्राम गोड़पाल में बैठक लेकर प्रशासन ने करवाया समझौता

# ग्रामीणों और लोहार परिवार के बीच चल रहा विवाद 3 साल बाद सुलझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के वनांचल ग्राम गोड़पाल में बीते तीन वर्षों से ग्रामीण व लोहार परिवार के बीच चल रहा आपसी विवाद को प्रशासन ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर समझौता कराया, जिससे ग्रामीणों और लोहारा परिवार में सहमति बनी है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गोड़पाल में लोहार परिवार पारम्परिक कारीगरी का काम कर पौनी पसारी के माध्यम से अपना जीवनयापन कर रहे थे। इस दरमियान बुजुर्ग आशाराम विश्वकर्मा कारीगर की मौत होने के बाद उनके बेटे कलेश्वर विश्वकर्मा ने गाँव में पौनी पसारी के तहत कम मजदूरी में काम करने से मना कर दिया। उसके बाद ग्रामीणों ने उक्त लोहारा परिवार को कार्य स्थल को खाली करने का निर्देश दिया और अन्य कारीगर को काम में रखने की बात कही। लेकिन, लोहार परिवार कई वर्षों से स्थल पर ग्रामीणों की सहमति से कब्जा कर कार्य कर रहा था। उसके बाद विवाद की स्थिति बढ़ती गई और मामला तीन वर्षों तक चलता रहा।

मामले में कुछ दिनों पहले तहसीलदार बालोद ने निरीक्षण कर ग्रामीण व लोहार परिवार के बीच समझौता करवाया। ग्रामीणों की माँग पर कार्य स्थल के कब्जे से लोहार परिवार को हटाया गया। लोहार परिवार का आरोप था कि ग्रामीणों ने बहिष्कार कर हुक्का पानी बंद कर दिया गया है, जिसके कारण मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए जूझना पड़ रहा है। इस विषय पर ग्रामीणों को तहसीलदार ने हिदायत देते हुए ग्रामीण व लोहार परिवार के बीच समझौता कराया गया था, बावजूद इसके विवाद की परिस्थिति निर्मित थी।



### प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद बनी सहमति : सरपंच

सरपंच जितेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि लोहार परिवार व ग्रामीणों के बीच निर्मित विवाद में प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद सहमति बनी है।

### पौनी-पसारी को लेकर था विवाद : एसडीएम

एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा ने बताया कि मामला कारीगरी काम के पौनी पसारी से जुड़ा हुआ था, जिसके कारण ग्रामीणों व लोहार परिवार के बीच आपसी विवाद चल रहा था। इस पर राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की अगुवाई में ग्रामीणों के बीच बैठक कर आपसी विवाद को सुलह कराया गया है।

### राजस्व व पुलिस विभाग की उपस्थिति में हुई बैठक

ग्राम गोड़पाल में एक बार फिर राजस्व विभाग और पुलिस विभाग द्वारा ग्रामीणों के बीच आपसी विवाद के मामले पर बैठक की गई। बैठक में ग्रामीणों के साथ लोहार परिवार के लोग शामिल हुए थे। प्रशासन द्वारा दोनों पक्षों को सुन ग्रामीण सुलह कराया गया। इस दरमियान एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, तहसीलदार आसुतोष शर्मा, टीआई रविशंकर पाण्डेय, सरपंच जितेन्द्र कुमार पटेल सहित ग्रामीण उपस्थित थे। लोहार परिवार के मुखिया कलेश्वर विश्वकर्मा ने बताया कि मैं पिता की मौत के बाद पैतृक दुकान पर नकदी दर पर कार्य करना चाहता था, लेकिन ग्रामीण पारम्परिक पद्धति के अनुसार पौनी पसारी के तहत रोजी मजदूरी देना चाहते थे, जिसका विरोध मेरे द्वारा किया गया था, जिसके कारण ग्रामीणों ने हुक्का-पानी बंद कर दिया गया था, जिस पर प्रशासन द्वारा समझाइश के बाद ग्रामीणों के साथ समझौता हुआ है।

## खबर संक्षेप

### पिकरीपार में बटरेल वालों का रंगझाझर कार्यक्रम आज

**बालोद/कलंगपुर।** क्वांर नवरात्रि के पावन अवसर पर दुर्गोत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पिकरीपार के तत्वावधान में सोमवार को रात्रि 9 बजे से छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच रंगझाझर बटरेल की प्रस्तुति रखी गई है। उक्त जानकारी तुकाराम साहू ने दी।

### चर्च परिसर में लगी आग

**भिलाई।** क्रिश्चयन सेक्टर-6 में शार्ट सर्किट होने से चर्च परिसर में आग लग गई। सूचना पर तुरंत फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। इसके बाद घंटे भर की मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर-6 स्थित क्रिश्चयन चर्च में शनिवार के शाम को शार्टसर्किट हो गया। आग लगने से हड़कंप मच गया। आग को किसी तरह बुझाया गया। बड़ा हादसा होते बच गया। सूचना के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने प्रारंभिक जानकारी के बाद शार्ट सर्किट की वजह से हादसा होने की बात कहीं है। मामले में जांच की जा रही है।

### नौकरी लगाने के नाम पर की धोखाधड़ी

**भिलाई।** महिला आरक्षक ने नौकरी लगाने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरक्षक के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि लिंक रोड कैम्प 2 निवासी आरती अग्रवाल के परिवार का होटल का कारोबार है। तीन माह से किराए में दिया गया है। कारोबार के दौरान नवम्बर 2023 में एक महिला होटल में चाय नाश्ता करने आती रहती थी। जिससे परिचय हो गया था। महिला का नाम मोहन नगर में पदस्थ आरक्षक मोनिका सोनी उर्फ मोनिका गुप्ता होना बताई। पढ़ाई को लेकर पूछने पर आरती ने उसे बीएड कर प्राइवेट नौकरी करने की बात बताने पर मोनिका ने शिक्षा विभाग में सेटिंग होने का झांसा देकर नौकरी लगाने के एवज में 50 हजार रुपए ले ली। लेकिन आज तक आरती का नौकरी नहीं लग पाया। मोनिका गुप्ता कुल 1.50 लाख रुपए में बातचीत कर ली। फिर 5 हजार पहले लगने की बात कहने पर उसे 50 हजार रुपए दिया गया।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय निपानी में हुई शिक्षक-पालक मेगा बैठक



**लाटाबोड़।** विकासखंड बालोद अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय निपानी में शनिवार को स्वामी आत्मानंद की जयंती मनाई गई। इसके साथ ही पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन कर अपार आईडी से संबंधित जानकारी, फर्मेटिव असेसमेंट सेकंड की उत्तर पुस्तिकाओं का आंकलन, शैक्षणिक गतिविधियों एवं शैक्षणिक समस्याओं से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर संस्था के सभी छात्र-छात्राओं के साथ ही सभी शिक्षक एवं पालक उपस्थित थे।

## टीआई ने चलाया साइबर क्राइम जागरूकता अभियान



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल के मंगचुवा थाना प्रभारी राधा बोरकर ने रविवार को क्षेत्र के रेंगाडबरी, मंगचुवा, करतुटोला, करेंगांव, टेकापार, कमकापार में साइबर क्राइम जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत मोबाइल में फ्रॉड कॉल आना, ओटीपी से ठगी का शिकार, फेसबुक आईडी से फ्रॉड, अनजाने लिंक आने पर सावधान रहने की समझाइश दी गई। टीआई ने बताया कि ऐसे मैसेज, कॉल, तथा लिंक पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए, अन्यथा बैंक अकाउंट खाली हो जाता है। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को मोबाइल से दूर रहने की समझाइश दी। मंगचुवा थाना प्रभारी राधा बोरकर ने नशा मुक्ति अभियान भी चलाया कि किस तरह का नशा मानव समाज के लिए हानिकारक है। उन्होंने बताया कि नशा के कारण घर परिवार में झगड़े होते हैं। इसलिए नशे से दूर रहना चाहिए।

## बगईकोन्हा टी विद्यालय में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला बगईकोन्हा टी में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया, जिइमें विद्यालय के सभी शिक्षक एवं पालक उपस्थित थे। कार्यक्रम में शामिल पालकों का स्वागत किया गया। उसके बाद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मेरा कोना, बच्चों की दिनचर्या, शिक्षक और पालक के बीच में बेहतर संवाद स्थापित करने के बारे में चर्चा की गई। इसके साथ ही त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम के बारे में पालकों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष बिहारीलाल कोमरे, चुनुराम गोटा, मन्नू लाल चक्रधारी, सखाराम दुग्गा, भारत लाल नेताम, पदमा तोपा, मन्जू कुंजाम व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नवरात्रि पर बच्चों व पालकों ने दी रास गरबा की प्रस्तुति



**डौं डी लो हा रा।** सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल में क्वांर नवरात्रि के अवसर पर रास गरबा का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के बच्चों ने बहुत ही सुंदर नृत्य किया।

साथ ही कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्राओं ने डांडिया नृत्य भी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता दुर्गा के छायाचित्र पर सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष नोपचंद जैन, सचिव रवि जैन, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, पालक सलाहकार समिति के अध्यक्ष उत्तम यदु उपाध्यक्ष शिवेंद्र बहादुर साहू, एमएआर खान, चित्रलेखा टंडन, परम साहू ने किया। अंत में पालकों ने नृत्य किया। इस इस अवसर पर सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के उपाध्यक्ष प्रतीक जैन, मिश्रीलाल जैन, संदीप जैन, प्रभा जैन ने हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम सफल बनाने में प्रबंधक हीराचंद राखेचा, प्राचार्या शायनी मैथ्यूस, प्रधान पाठिका नोम साहू, शिक्षक होमप्रिया श्रीवास, लक्ष्मी ठाकुर, उदित नारायण साहू, धनेश्वरी वर्मा, विमला साहू, ट्विंकल ठाकुर, ईश्वरी यादव, विमला साहू, स्वाति साहू, महेंद्र गौतम, ज्योत्सना एवं सभी शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन अनिल थॉमस एवं वीरेंद्र साहू ने किया।

## शासकीय विद्यालय माटरी में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक



**डौडीलोहारा।** संकुल केन्द्र माटरी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला माटरी में 5 अक्टूबर को शाला स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में पालकों को बच्चों की आपार आईडी निर्माण, तिमाही आंकलन में बच्चों के प्रगति, बच्चों की गतिविधियों आदि पर शिक्षकों एवं पालकों के बीच चर्चा करते हुए समीक्षा की गई। उक्त बैठक में शिक्षक राजेश पांडे द्वारा पालकों को सम्बोधित करते हुए बच्चों को अधिक से अधिक पढ़ाई पर ध्यान देने के साथ ही खेलने का अवसर भी प्रदान करने कहा। शिक्षक के आर सिन्हा द्वारा सुबह शाम बच्चों की पढ़ाई पर माताएं विशेष ध्यान देने कहा। शिक्षक देवप्रसाद भुआर्य द्वारा बच्चों को मोबाइल उपयोग को कम करने हेतु कहा गया। उक्त मेगा बैठक में आज ही दो शिक्षकों ने शाला में कार्यभार ग्रहण किया जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक के रूप में तुलसी देवी गोयल एवं माध्यमिक शाला में श्रवण कुमार ने कार्यभार लिया। आगामी मेगा पालक बैठक में अधिक से अधिक पालकों को उपस्थिति हो इस हेतु पालकों से शिक्षक राजेश पांडे ने आग्रह किया। स्वल्पाहर के बाद बैठक का समापन किया गया।

## पेंशनर समाज की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा



**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील शाखा डौंडीलोहारा की मासिक बैठक 5 अक्टूबर को स्थानीय पेंशनर भवन में आयोजित की गई। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। अध्यक्ष सियाराम शार्वा, चुन्नीलाल साहू, मन्नू लाल ठाकुर एवं संरक्षक रामेश्वर ठाकुर ने शक्ति पर्व के सबंध में प्रकाश डाला। शाखा प्रबंधक योगेश्वर ठाकुर एसबीआई द्वारा टीडीएस कटौती और बैंक ठगी से बचाव के संबंध में उपाय बताए। अंत में पूर्व जिलाध्यक्ष स्व टी.आर महमल्ला को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## मवेशी तस्करी मामले में फार्म हाउस संचालक हुआ गिरफ्तार

**पाटन।** मवेशी तस्करी मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 4, 6, 10 छग कृषिक परिरक्षण अधिनियम धारा 11 (घ) पशु क्रूरता अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज किया है। टीआई अनिल साहू ने बताया कि संजय गिरी गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया है। संजय मवेशियों को अपने फार्म हाउस में रखता था। बाद में ट्रकों में भरकर दूसरे प्रदेशों में बेच देता था। 27 भैंस सहित आरोपी ट्रक ड्राइवर इस्मार अहमद उर्फ भूरा को भी पुलिस ने पहले गिरफ्तार कर चुकी है। पूछताछ में पुलिस को बताया कि मवेशियों को मुजफ्फरपुर लेकर जा रहा है। पुलिस ने जांच कर आरोपी संजय गिरी के बेटे सिवानी को गिरफ्तार किया था।

## राजयोग से लोगों में कार्य कुशलता और दक्षता बढ़ जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

राजयोग से लोगों में कार्य की क्षमता, कार्य कुशलता और दक्षता बढ़ती है। कार्य प्रेरणा देने वाला हो, नियमित राजयोग मन को शांति प्रदान करता है, लोगों के मन में आत्मविश्वास जगाता है, आत्मज्ञान कराता है, इसके अलावा शक्ति की अनुभूति भी कराता है।

राजयोग जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है, राजयोग क्रोध को वश मे करने की शक्ति प्रदान करता है, मन को शीतलता प्रदान करता है यह बातें माउंट आबू से आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद पहुंचे राजयोगी ब्रह्म कुमार आत्म प्रकाश भाई ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बालोद द्वारा आयोजित संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन कार्यक्रम में पहुंचे प्रजापिता ब्रह्म कुमारी मुख्यालय माउंट आबू के राजयोगी ब्रह्मकुमार आत्म प्रकाश भाई ने शनिवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान राजयोग के बारे में अनेक जानकारियां दी।



उन्होंने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा विश्व शांति के लिए चलाए जा रहे प्रयासों को बताया। उन्होंने कहा कि राजयोग को राजयोग इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह सभी योगों का राजा है, यह मन से जुड़ा हुआ है, इसके अलावा यह आत्मा से भी जुड़ा है जो आत्मज्ञान करता है, उन्होंने कहा कि अभी वर्तमान समय में दुनिया समस्याओं से जूझ रही है, सुख सुविधा के लिए, भौतिक साधन जुटाने के लिए लोग घोड़े की तरह दौड़ रहे हैं। साधन तो उन्हें मिल जाता है, लेकिन इसी के साथ खुशी भी घट जाती है। पत्रकारों से चर्चा में राजयोगी ब्रह्मकुमार आत्म प्रकाश भाई ने कहा कि जिस प्रकार से बिना मुस्कान के मुख की सुंदरता नहीं खिलती है। उसी प्रकार से बिना सतज्ञान के सत्य मिलता नहीं है। राजयोग चिंता, भय और बोझ तीनों से मुक्ति कराता है, क्योंकि राजयोग से एक ऐसी शक्ति मिलती है जो सीधे परमात्मा से जुड़ती है। हमें हर रोज एक घंटा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में चलाए जा रहे राजयोग में शामिल होना चाहिए। पत्रकारों से चर्चा के दौरान ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आमा पारा बालोद की मुख्य संचालिका बीके विजयलक्ष्मी दीदी, दुर्ग संस्था से आयी बीके रूपाली बहन भी उपस्थित थे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चेहरे की चर्बी घटायें
चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411